RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 26 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 334 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 5146 वाहनों पर होली के दिन कार्रवाई, ड्रिंक एंड ड्राइव के 124 मामले



**मुंबई** : होली के दिन मुंबई में सुरक्षा व्यवस्था काफी चाक चौबंध नजर आयी। कहीं भी किसी प्रकार की अनहोनी नहीं दिखाई दी। इस बार मुंबई की ट्रैफिक पुलिस ने सुबह 8 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक पांच हजार से अधिक लोगों पर गलत तरीके से गाड़ी चलाने के मामले में कार्रवाई किया है। इस करवाई में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ, बिना हेलमेट पहने गाड़ी चलानेवालों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। दरअसल होली के दिन हुड़दंग करने के लिए टोलियां निकली हैं जो अभद्र भाषओं का इस्तेमाल कर लोगों से बदसलूकी करते हैं। इसके अलावा बिना किसी के परमिशन के उसपर रंग फेकनेवालों पर भी पुलिस ने कड़ी नजर बनाए हुई थी। होली के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने पर सड़क दुर्घटना होती है जिससे लोगों की जान भी चली जाती है ऐसे में एहतियातन ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट पहने मोटर सायकिल चलनेवाले कुल 4593 लोगों पर कार्रवाई की गई।

## मुंबई में हॉस्पिटल, स्कूल, सरकारी कार्यालय सहित निचले इलाकों में 120 आधुनिक तकनीक से लैस सेंटर

# कंट्रोल रूम के जरिए बीएमसी मुंबईकरों को देगी अपडेट

**मुंबई : बीएमसी ने मुंबई में हॉस्पिटल, स्कूल, सरकारी कार्यालय सहित निचले इलाकों में 120 ऐसी आधुनिक तकनीक से लैस सेंटर शुरू किया है इससे हर 15 मिनट में कंट्रोल रूम को यह जानकारी मिलेगी कि वहां कितनी बारिश हुई है कहां-कहां जलजमाव है।**



बीएमसी कंट्रोल रूम के जरिए इसका अपडेट मुंबईकरों को देगी। इससे हाई टाइड और भारी बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी। मुंबई में कब कब भारी बारिश होगी इस दौरान किन इलाकों में जाना खतरा है इसकी भी जानकारी बीएमसी नागरिकों को उपलब्ध कराएगी। बीएमसी डिजास्टर कंट्रोल रूम के एक अधिकारी ने बताया कि दादर वेस्ट गोखले रोड के पास बीएमसी स्कूल, धारावी कालाकिला बीएमसी स्कूल, वर्ली आदर्श नगर स्कूल, खार डांडा पंपिंग स्टेशन के पास, अंधेरी वेस्ट वसोर्वा, जोगेश्वरी वेस्ट प्रतीक्षा नगर बीएमसी स्कूल, गोरेगांव विहार झील के पास, मानखुर्द फायर स्टेशन, मानखुर्द महाराष्ट्र नगर इंजीनियरिंग स्कूल , घाटकोपर पूर्व पंतनगर आदि एरिया में ऐसे स्टेशन स्थापित किए गए हैं, जहां से बीएमसी डिजास्टर कंट्रोल रूम को पल-पल का अपडेट मिलता रहेगा।

बीएमसी अधिकारी ने बताया कि मुंबई शहर और उपनगरों में 60 स्थानों पर 60 ऑटोमेटिक वर्षा का जलस्तर मापने वाले स्टेशन चालू किए हैं। इन रेन गेज स्टेशनों द्वारा हर 15 मिनट की रिपोर्ट ऑटोमेटिक मुंबईकरों को एसएमएस और वेबसाइट "**dm.mcgm.gov.in**" पर नियमित रूप से मिलती रहेगी। वेबसाइट पर मॉनसून के दौरान समुद्र में हाईटाइड का समय और लहरों की ऊंचाई, कोलाबा वेधशाला से मौसम का पूवार्नुमान, मुंबई शहर और उपनगरों में बारिश की हर 15 मिनट की रिपोर्ट, जलभराव के कारण डायवर्ट किए गए ट्रैफिक की जानकारी, देरी होने पर रेलवे यातायात की जानकारी उपलब्ध होगी।

## अरविंद केजरीवाल अब मोदी के लिए ज्यादा खतरनाक - संजय राउत



**मुंबई:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल से डरते हैं. शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि वे और अधिक खतरनाक हो गए हैं क्योंकि वे अब अपना व्यवसाय जेल से चला रहे हैं ।मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। कोर्ट में एक न्यूज चैनल से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा था कि, 'मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दूंगा. अगर मुझे सरकार चलानी है तो मैं जेल से चलाऊंगा।'' इसके मुताबिक, वह अब जेल से सरकार चला रहे हैं।

सामने आई जानकारी के मुताबिक, ईडी का प्रभार रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने जल मंत्रालय से जुड़ा पहला आदेश जारी किया था. इस पृष्ठभूमि में, सांसद संजय राउत ने कहा कि चूंकि वह जेल से काम कर रहे हैं, इसलिए लोग उनकी बात सुनेंगे और उनके समर्थन में आगे आएंगे। और तो और, स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो नेता जेल गए, वे और भी मजबूत होकर उभरे। विपक्षी नेता भारत ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक मेगा रैली आयोजित करने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया. रैली 31 मार्च को राजधानी के रामलीला मैदान में होगी. इस रैली में हमारी पार्टी भी शामिल होगी. पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे भी इसके लिए दिल्ली जाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं, ऐसा सांसद संजय राउत ने कहा.

## मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई ने 19.79 करोड़ रुपये की कोकीन की बरामद... 1 गिरफ्तार



**मुंबई** : राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया और सिएरा लियोन की एक महिला यात्री से 19.79 करोड़ रुपये मूल्य का 1979 ग्राम सफेद पाउडर जैसा कोकीन जब्त किया। रविवार को नैरोबी से मुंबई आए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, डीआरआई द्वारा विकसित खुफिया जानकारी के आधार पर, 24 मार्च को नैरोबी से मुंबई आई सिएरा लियोन राष्ट्रीयता की एक महिला यात्री को सीएसएमआई हवाई अड्डे, मुंबई पर डीआरआई अधिकारियों ने पकड़ लिया। उसके सामान की जांच के दौरान पता चला कि वह जो सामान ले जा रही थी। जूते, मॉइस्चराइजर की बोतल, शैंपू की बोतल और पसीना रोधी दवाएं असामान्य रूप से भारी और कठोर थीं।

आगे की जांच से पता चला कि इन सभी वस्तुओं में एक सफेद पाउडर जैसा पदार्थ छिपा हुआ था। फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करके परीक्षण करने पर, इसमें कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया । आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुल 1979 ग्राम सफेद पाउडरयुक्त पदार्थ कोकीन जब्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 19.79 करोड़ रुपये है और यात्री के बयान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उसे अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और आगे की जांच जारी है। डीआरआई ने भारत में नशीली दवाओं के खतरे से लड़ने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, प्रतिबंधित सामग्री को छुपाने के इस नए तरीके का खुलासा करके एक बार फिर उच्च पेशेवर मानकों को दिखाया है।

## माहिम बीच पर होली खेल रहे पांच लड़के समुद्र में डूबे, 1 की मौत!

**मुंबई :** मुंबई में होली के दिन दुखद हादसा हो गया. यहां के माहिम बीच पर होली खेल रहे पांच युवक अरब सागर में डूब गए. रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच 4 युवकों को बाहर निकाला है. इनमें एक की मौत हो गई. एक अन्य गंभीर रूप से घायल है उसे हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. एक युवक अभी लापता है उसकी तलाश की जा रही है. मौके पर पुलिस, गोताखोर व फायर ब्रिगेड कर्मी मौजूद हैं. देर शाम तक डूबे हुए युवक का पता नहीं लग पाया है. घटना से परिजनों में कोहराम मच गया. घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लगी हुई है. पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. सोमवार की सुबह से होली का त्यौहार खूब उत्साह के साथ मनाया जा रहा था. लोगों ने रंग से सराबोर हो मस्ती में त्यौहार का मजा लिया. इस दौरान होली खेलने के लिए लोगों की टोलियां समुद्र तटों पर भी नजर





आईं. मुंबई के माहिम समुद्र तट पर भी लोग होली खेल रहे थे. कुछ लडकों की टोली भी बीच पर होली के उल्लास में डूबी हुई थी. सभी एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगा रहे थे. होली खेलते समय अचानक टोली के पांच लड़के समुद्र के गहरे पानी में डूबने लगे.

लड़कों को डूबते देख घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई. मौके पर मौजूद गोताखोर डूबे हुए लड़कों को बचाने के लिए समुद्र में कूद गए. काफी कोशिशों के बीच चार लडकों को समुद्र से बाहर निकाल लिया गया. इनमें एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की

## ट्रेन दुर्घटना में VVCMC के स्वच्छता निरीक्षक की मौत



**वसई** : वसई विरार शहर महानगरपालिका के आरोग्य एवं स्वच्छता निरीक्षक कल्पेश संखे की बोइसर में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे की है.पालघर निवासी कल्पेश संखे (51) वसई विरार मनपा के वार्ड समिति 'बी' में स्वच्छता निरीक्षक के रूप में कार्यरत थे ।वह होली के मौके पर अपने माता-पिता से मिलने बोईसर गया था.शाम को वे पालघर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए बोईसर स्टेशन के पास थे। उसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गये और उनकी मौत हो गयी,उनके पार्थिव शरीर का सोमवार को पालघर स्थित उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया।



# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## जेब फिर भी खाली...

अवांछित घटनाक्रम की वांछित राजनीति ने अब हिमाचल की नीयत में अस्थिर सरकारों का खोट भर दिया है। अस्थिरता न होती तो जनादेश की ताकत से राज्यसभा में कांग्रेस का एक और सांसद प्रवेश कर गया होता, मगर इस ताजपोशी के सबूत खूंखार हो रहे हैं। कांग्रेस की जेब जहां लुटी है वहां जनादेश की दौलत भी लुटी है, लेकिन हम दोनों पाटों में सियासत का पुण्य-पाप नहीं चुन सकते। अगर भाजपा की हालत व देश की राजनीति पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता शांता कुमार की आंखें भर रही हैं, तो यह मौजूदा दौर की तनहाई में गुम होते सिद्धांतों की अंतिम फरियाद होगी। हम किस जश्न में शरीक हों। कांग्रेस से किनारा कर गए छह विधायकों, उनके साथ पार्टी द्वारा किए गए कथित सुलूक या भाजपा में शामिल हो गए नौ पूर्व विधायकों की नई पारी पर एतबार करें। जो भी हो सियासत का मुलम्मा उतर रहा है। पल भर के लिए हम गिन लेते हैं कि किसी एक के कदम से दूसरी पार्टी को लाभ हो गया, लेकिन अगले ही पल घाटे के समीकरण देख लेते हैं। आसमान में जो उड़ रहे वे कटी पतंगें, हमारी डोर से कैसे जुड़ पाएंगी। कौन सा वादा और कौन सा विवाद इस कशमकश में जीत पाएगा, यहां चारों ओर रस्सियों से बंधे मजमून नजर आते हैं। चैतन्य शर्मा का आगमन राकेश कालिया का भाजपा से प्रस्थान करवा रहा है तो इस आंच को समझना इतना भी आसान नहीं। होशियार सिंह ने पांव जबसे भाजपा की धरती पर रखा है, रमेश धवाला की चाल बदल गई है। कुटलैहड़ में देवेंद्र भुट्टो को पार्टी में देखते ही पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर का कारवां असहज, तो बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल का पाला बदलते ही भाजपा के कंकाल भी कदमताल कर रहे हैं।

बेचैनियों के समुद्र में, लोकसभा चुनाव की गोताखोरी अगर कल कहीं कांगड़ा का टिकट सुधीर शर्मा को सौंप देती है, तो भाजपा की जेब भरेगी या पार्टी के नेताओं की खाली हो जाएगी। जाहिर तौर पर इन नौ पूर्व विधायकों का भाजपा में आगमन इतना भी सरल व तरल नहीं कि एकदम पार्टी के अनुशासन में समा जाएगा। दूसरी ओर प्रत्यक्ष रूप में कांग्रेस की जेब खाली हुई है, तो इस चोरी की वजह पार्टी की सीनाजोरी भी है। कांग्रेस ने एक बार फिर साबित किया कि यह पार्टी अपने पांव कुल्हाड़ी मारने की अभ्यस्त हो चुकी है। सारे घटनाक्रम की जड़ में भाजपा की खाद लगी, तो इसके कारण कांग्रेस में ही मौजूद रहे। अफसोस मनाने के लिए अब जनता को एकमात्र सहारा उपचुनाव है। आश्चर्य यह कि यह सब कुछ सरकार के पहरावे और राज्य के खर्च से हो रहा है। अभी यह समझा नहीं जा रहा कि कांग्रेस के घर में आग लगी कैसे। कम से कम जिस वजूद को सौंपकर हिमाचल की जनता को अगले पांच साल की आशाएं थीं, वे कहीं अपने ही घाव को सहलाती व कराहती हुई प्रतीत हो रही हैं। सरकार की सारी मेहनत अब राज्य के बजाय खुद की सुरक्षा में लगेगी। मंत्रिमंडल की उप समिति को अब अपने राजनीतिक समीकरण बचाने और बनाने हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में अब सरकार और सत्ता की चारदीवारी की जिम्मेदारी सिद्ध करती है कि आइंदा एकछत्र साम्राज्य नहीं चलेगा और न ही ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए कोई और हस्ती परवान चढ़ सकती थी। जाहिर तौर पर सत्ता के समीकरण बदल चुके और इम्तिहान के प्रश्न पत्र भी। पिछले चुनाव का एक अलग हिसाब था, अब चुनाव के अर्थ, रहस्य और गणित बदल चुके हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

## वसई-भायंदर रोरो सर्विस बोट में शराब पार्टी...
# फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल

**वसई/भायंदरः** वसई और भायंदर के बीच रो-रो सेवा 'आरोही' नाम की नाव में शराब पार्टी होने का खुलासा हुआ है. महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड ने कहा है कि नाव मालिक ने खुद ठेकेदार को जन्मदिन की पार्टी की इजाजत दी थी. रोरो सर्विस बोट पर नशे की पार्टी का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रविवार को भायंदर घाट के पास खड़ी नौका नाव 'आरोही' में कुछ युवाओं द्वारा शराब पीने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फुटेज में दिख रहा है कि युवक 'आरोही' नाम की नाव में बैठकर तेज म्यूजिक बजाते हुए शराब पी रहे हैं. इस वीडियो के प्रसारित होने के बाद नागरिकों ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि क्या उक्त रोरो सर्विस बोट शराब पार्टी का अड्डा है? ऐसा सवाल उठाया गया है. ऐसे में अगर पब्लिक सर्विस बोट में शराब परोसी जा रही है तो रोरो बोट की सुरक्षा पर भी सवाल उठने लगा है.



शराब पीने वाले कार्यकर्ता मीरा-भाईंदर बीजेपी अध्यक्ष रवि व्यास के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं. लेकिन रवि व्यास ने इन आरोपों से इनकार किया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी में शामिल लोगों का हमारी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है और वे मेरे कार्यकर्ता नहीं हैं। यह स्थिति सामने आते ही महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड ने सतर्क रुख अपना लिया है. महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड के अधिकारियों ने कहा कि यह घटना यात्री सेवा के दौरान नहीं हुई. नाव मालिक ने अपने दोस्त को उसका जन्मदिन मनाने के लिए दी थी। लेकिन कुछ युवकों ने इसमें शराब की दावत उड़ायी. महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड के कार्यकारी अभियंता अविनाश पाटिल ने कहा, यह एक सरकारी नाव नहीं है, बल्कि एक निजी नाव है, इसलिए यात्री कार्य पूरा करने के बाद इसका उपयोग कैसे किया जाए, यह नाव मालिक का सवाल है।

### क्या कहता है नियम?

महाराष्ट्र निषेध अधिनियम की धारा 7, निषेध धारा 22, महाराष्ट्र निषेध अधिनियम 1949 की धारा 68 (ए) (बी) 84, 98, 103 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन अपराध है। धारा 84 के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले व्यक्ति पर और धारा 68 के तहत शराब पीने के लिए अपनी जगह देने वाले व्यक्ति पर मामला दर्ज किया जाता है। अगर ऐसी जगह पर कोई दुर्व्यवहार और दुर्व्यवहार होता है तो धारा 85 के तहत मामला दर्ज किया जाता है।

## दोपहिया वाहन से दुर्घटना में तीन की मौत !

**मुंबईः** घाटकोपर में सुबह-सुबह एक तेज रफ्तार बाइक ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी. सूत्रों ने बताया कि हादसे में घायल लोगों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया. पुलिस कंट्रोल रूम को घाटकोपर के लाल बहादुर शास्त्री नगर में साईं होटल के सामने एक गंभीर दुर्घटना की सूचना मिली। इसके मुताबिक पुलिस टीम सुबह करीब 4 बजे मौके पर पहुंची. तदनुसार, समीर मुस्तफा (19), मुजफ्फर बद्देशाह (19) और सुरेश नामक एक पैदल यात्री घटनास्थल पर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें घाटकोपर के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि वहां डॉक्टरों ने उनकी जांच की और करीब साढ़े चार बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया. हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस सीसीटीवी और स्थानीय लोगों की मदद से हादसे की जानकारी ले रही है। इसके अलावा सूत्रों ने बताया कि मृतकों के परिवारों के बारे में जानकारी लेने का काम जारी है.

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर तीन गाड़ियों का भयानक एक्सीडेंट... हादसे में दूध टैंकर के ड्राइवर की मौत!




मुंबई : **पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे पर** शनिवार, रविवार और छुट्टियों के दिन ट्रैफिक जाम रहता है। अब रविवार को इस हाईवे पर तीन गाड़ियों का भयानक एक्सीडेंट हो गया. यह हादसा एक दूध टैंकर से हुआ। जिससे टैंकर में भरा दूध सड़क पर फैल गया. हादसे में दूध टैंकर के ड्राइवर की मौत हो गई. हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए. लेकिन सौभाग्य से कार में सवार दो लोग बच गये. पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. इसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाया गया.

### दुर्घटना कैसे हुई?

एक दूध का टैंकर पुणे से मुंबई जा रहा था. इसी दौरान खोपोली इलाके के बोर घाट पर उतरते वक्त टैंकर ड्राइवर ने लेन बदल दी. इससे टैंकर अचानक पलट गया। उसी दौरान इस टैंकर ने कार के अगले हिस्से में टक्कर मार दी. इसके बाद वह सामने जा रहे ट्रक से जा टकराई. इससे सारा दूध सड़क पर फैल गया। इसके चलते इस रोड पर फिर से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई, जिससे छुट्टी के दिन भी जाम की स्थिति बनती है। हादसे के कारण काफी देर तक यातायात अवरुद्ध रहा। हादसे में दूध टैंकर के ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो लोग बच गए।

हादसे के बाद खोपोली पुलिस, हाईवे पुलिस, आईआरबी सिस्टम तुरंत मौके पर पहुंच गया. उन्होंने हादसे में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया. हाईवे पुलिस ने यातायात सुचारू करने का काम शुरू किया। टैंकर को सड़क के किनारे करने के बाद सड़क को यातायात के लिए साफ कर दिया गया।

## बॉम्बे अस्पताल के डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी, मेघालय जाना चाहते थे छुट्टियां मनाने

**मुंबई** : बॉम्बे हॉस्पिटल के एक डॉक्टर ने आजाद मैदान पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है कि वह मेघालय की यात्रा की योजना बनाते समय ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हो गए। डॉ. विभोर पारदासानी (48) ने पुलिस को बताया कि वह आगामी गर्मी की छुट्टियों में अपने परिवार के साथ मेघालय जाने की प्लानिंग कर रहे थे। जिसके बाद उन्होंने यात्रा के लिए टिकट बुक कर लिया था। फिर भी उन्हें ठहरने के लिए आवास बुक करने की आवश्यकता थी। पुलिस को दिए अपने बयान में, डॉ. पारदासानी ने बताया कि उन्होंने एक होटल खोजने के लिए गूगल पर सर्च कीया और वहां उन्हें शिलांग में हेरिटेज क्लब त्रिपुरा कैसल के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने दिए गए नंबर पर कॉल किया और खुद को प्रमोद बताने वाले एक व्यक्ति से बात की, जिसने बाद में व्हाट्सएप के माध्यम से होटल की तस्वीरें भी भेजी। डॉ. पारदासानी ने तीन कमरे बुक करने की योजना बनाई और प्रमोद के आग्रह पर रुपये जमा कर दिए। होटल के बैंक खाते में 50% अग्रिम भुगतान के रूप में 33,500 रुपये उन्होंने भेजे। हालाँकि, बाद में प्रमोद ने दावा किया कि भुगतान उनके




सिस्टम में दिखाई नहीं दे रहा है और शेष राशि भेजने का अनुरोध किया। डॉ. पारदासानी ने इसका अनुपालन किया और पूरी राशि का भुगतान कर दिया।

दूसरे दिन, प्रमोद ने फिर एकबार फोन किया और ककहा कि भुगतान दो भागों में किया गया था, इसलिए उनके सिस्टम में समस्याएँ पैदा हुईं। उन्होंने डॉ. पारदासानी से पूरी रकम दोबारा देने की मांग की। स्थिति से सावधान डॉ. परदासानी ने प्रमोद से कहा कि उनके द्वारा पहले भेजा गया 67,500 रुपया उन्हें वापस किया जाए, इसके बाद ही वे पैसे भेजेंगे। लेकिन प्रमोद पैसों की मांग पर अड़ा रहा और पहले पूरे पैसे भेजने के लिए कहता रहा। इससे उन्हें संदेह होने लगा कि उनके साथ यह धोखाधड़ी ही सकती है। डॉ. पारदासानी ने होटल की जांच के लिए शिलांग में रहने वाले एक दोस्त की मदद ली। दोस्त को पता चला कि प्रमोद नाम का कोई व्यक्ति वहां कार्यरत नहीं है।




# प्याज निर्यात पर प्रतिबंध बढ़ाने के सरकार के फैसले पर सुप्रिया सुले ने कहा, "यह किसान विरोधी सरकार है"




**पुणे :** एनसीपी (एससीपी) नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध बढ़ाने के सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए इसे किसान विरोधी करार दिया।सुप्रिया सुले ने कहा, ''यह पूरी सरकार (भाजपा) पूरी तरह से किसानों के खिलाफ है। पिछले 8 महीनों से मैं अनुरोध कर रही हूं कि यह सरकार (भाजपा) किसानों को उचित मूल्य दे, लेकिन दुर्भाग्य से यह किसान विरोधी सरकार है।'' कहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक, सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक रोक लगा दी गई थी.

निर्यात और आयात मामलों को संभालने के लिए जिम्मेदार मंत्रालय की एक शाखा, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में विस्तार की घोषणा की है। ''विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 (1992 की संख्या 22) की धारा 5 के साथ पठित धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जैसा कि संशोधित है, विदेश व्यापार नीति, 2023 के पैरा 1.02 और 2.01 के साथ पढ़ें अधिसूचना में कहा गया है, केंद्र सरकार प्याज की निर्यात नीति के संबंध में 7 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 49 में संशोधन करती है। इसमें उल्लेख किया गया है, ''एचएस कोड 0703-10-19 के तहत प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक वैध प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।''

भारत ने दिसंबर 2023 की शुरूआत में मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी थी। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि, देशों द्वारा किए गए अनुरोधों के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा अन्य देशों को दी गई अनुमति के आधार पर प्याज के निर्यात की अनुमति दी जाएगी। . हालाँकि, इस महीने की शुरूआत में, केंद्र ने बांग्लादेश को 50,000 टन प्याज और संयुक्त अरब अमीरात को 14,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात के लिए हर तिमाही में 3,600 टन की सीमा रखी गई है। केंद्र सरकार ने बाद में 29 अक्टूबर से प्याज के निर्यात के लिए फ्री-ऑन-बोर्ड आधार पर 800 अमेरिकी डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) निर्धारित किया। इस बीच, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर एनसीपी-एससीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, ''विपक्ष के नेताओं के साथ हुए अन्याय से हमें बहुत दुख हो रहा है.

# दहिसर में पानी भरी खदान में डूबे दो लोगों में एक की मौत! दूसरे की तलाश जारी...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रविवार को उपनगरीय दहिसर में पानी से भरी खदान में दो युवक डूब गये, जिसमें से एक की मौत हो गई और एक अन्य लापता है। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना शाम को अशोकवन इलाके में स्थित जय महाराष्ट्र खदान में हुई। खदान समुद्र तट से लगभग 15 से 20 मीटर दूर निजी भूमि पर स्थित है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक दोनों युवक टहल रहे थे तभी पानी से भरी खदान में गिर गये। खदान में गिरने वाले दोनों युवकों की पहचान मनोज सुर्वे और चितामणि वारंग के रूप में हुई है। बीएमसी अधिकारी ने बताया, 'घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायरकर्मियों ने मनीला रस्सी और बांस का उपयोग करके पानी से मनोज को बाहर निकाला। इसके बाद उसे शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मनीला रस्सी से चितामणि वारंग (43) की तलाश जारी है।'

# कुर्ला एल वार्ड की झोपड़पट्टियों में पानी की घोर किल्लत...



**मुंबई :** गर्मी का मौसम आया ही नहीं की कुर्ला एल वार्ड के अंतर्गत आने वाली अनेक झोपड़पट्टियों में पिछले काफी समय से पानी की घोर किल्लत व्याप्त है। उसके बावजूद भी कुर्ला एल वार्ड के जलविभाग के अधिकारी पानी की किल्लत को दूर करने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। निवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही पानी की किल्लत दूर न की गई तो मनपा एल वार्ड पर हंडा मोर्चा निकाला जाएगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्ला एल वार्ड के अंतर्गत आने वाली खाड़ी क्रमांक तीन, राजीव नगर, मिलिंद नगर, नेताजी नगर, अशोक नगर, सुंदरबाग, तूंगा गांव, यादव नगर, श्री नगर, गैबनशाह दरगाह, हिल नंबर दो, गुरुनानक नगर, संजय नगर, चांद तारा होटल के इर्द गिर्द की बस्तियों में पिछले कई महिनों से पानी की घोर किल्लत मची हुई है। मनसे वार्ड क्रमांक १६१ के शाखा अध्यक्ष फिरोज खान का कहना है कि रमजान के इस पवित्र महीने में भी नागरिकों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। फिरोज खान यह भी बताया कि गैबनशाह दरगाह के निवासियों को टैंकर के माध्यम से खुद का पैसा खर्चा करके पानी मंगाना पड़ रहा है। फिरोज खान ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका था इसके अलावा वर्तमान समय में पवित्र रमजान पर्व शुरू है। पानी की घोर किल्लत के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि अनेक झोपड़पट्टियों में पानी मिलने के लिए नागरिकों द्वारा मोटर बिठाया गया है। जिन लोगों ने हाई पावर का मोटर पंप बिठाया है उन्हें तो पानी थोड़ा बहुत मिल जा रहा है बाकी लोग पानी से वंचित हैं। मनसे शाखा अध्यक्ष फिरोज खान ने मनपा आयुक्त, मनपा एल वार्ड के जल अभियंता से वार्ड क्रमांक १६२ खाड़ी क्रमांक तीन की बस्तियों में पानी का प्रेशर बढ़ाने की मांग की है।

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र की एक सीट पर उतारा प्रत्याशी, चंद्रपुर से इन्हें दिया टिकट

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने महाराष्ट्र की एक सीट पर प्रत्याशी उतारा है. चंद्रपुर सीट से प्रतिभा सुरेश धनोरकर को टिकट दिया है. बता दें, धानोरकर ने महाराष्ट्र की चंद्रपुर लोकसभा सीट से पहले ही दावा ठोका था. यह उनके दिवंगत पति और कांग्रेस सांसद रहे बालू धानोरकर की सीट है.

जानकारी के लिए बता दें कि प्रतिभा सुरेश धानोरकर महाराष्ट्र में वरोरा-भद्रावती से कांग्रेस की विधायक हैं. उनका जन्म 9 जनवरी, 1986, वरोरा, चंद्रपुर जिले में हुआ था. प्रतिभा ने 2019 में पदभार ग्रहण किया था. उनके पति का नाम सुरेश धानोरकर हैं, जिनका निधन हो चुका है. उनके असामयिक निधन से



पहले महाराष्ट्र से वो एकमात्र कांग्रेस सांसद थे. बता दें, चंद्रपुर लोकसभा सीट से बीजेपी ने कैबिनेट मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को उम्मीदवार बनाया है. पिछले लोकसभा चुनाव में में कांग्रेस को महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटों में से एकमात्र चंद्रपुर लोकसभा सीट पर जीत मिली थी. कांग्रेस नेता बालू धानोरकर चंद्रपुर से सांसद बने थे. पिछले साल उनका निधन हो गया था.

**पांच चरणों में होंगे महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव**

मालूम हो, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महाराष्ट्र में पांच चरणों में मतदान होना है, जो 19 अप्रैल से लेकर 20 मई तक संपन्न किए जाएंगे. साथ ही, अकोला सीट पर उप चुनाव सेकंड फेज में होगा.

**उमरेड विधायक ने छोड़ी कांग्रेस**

बता दें, लोकसभा चुनाव 2024 से उमरेड विधायक राजू देवनाथ पारवे ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और एकनाश शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए. उन्हें रामटेक लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है. राजू पारवे के शिंदे समूह में शामिल होने से रामटेक संसदीय सीट पर बीजेपी गठबंधन की ताकत बढ़ सकती है.

# मरम्मत के दौरान खुले नाले में गिरने से मजदूर की मौत... 4 घायल



**मुंबई :** मुंबई के सेवरी इलाके में रविवार को मरम्मत के दौरान खुले नाले में गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई और उसके चार सहयोगी घायल हो गए। एक नागरिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह सेवरी गाडी बंदर इलाके के पास हुई।मुंबई फायर ब्रिगेड के अधिकारी के अनुसार, उस समय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के तूफान जल विभाग के निर्देशन में एक ''बॉक्स ड्रेन'' की मरम्मत की जा रही थी।उन्होंने बताया कि ठेकेदार एम/एस एक्यूट डिजाइन द्वारा काम पर लगाए गए पांच मजदूर नाले में गिर गए। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने सभी पांचों को बचाया और उन्हें नगर निगम संचालित केईएम अस्पताल ले गए, जहां उनमें से एक, जिसकी पहचान महबूब इस्माइल (19) के रूप में हुई, को मृत घोषित कर दिया गया।अन्य मजदूरों में से एक सलीम (25) की हालत गंभीर है। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से कहा, शेष तीन - शफाकुल (22), करीम (35) और मोसालिन (30) - स्थिर हैं।

# वडाला पुलिस ने दो चेन-स्नैचरों को दबोचा



**मुंबईः** वडाला के पुलिस अधिकारियों की एक टीम ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जिन्होंने कथित तौर पर 15 वर्षीय लड़की के गले से सोने की चेन छीन ली थी। केवल दो दिनों में, पुलिस ने क्लोज-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरों और मुखबिरों के माध्यम से संदिग्धों की गतिविधियों का पता लगाकर उनका पता लगा लिया।घटना 19 मार्च को हुई, जब शिकायतकर्ता दिशा ठाकुर, वडाला (पूर्व) में शिवशंकर नगर स्थित अपने घर से अपने कॉलेज की ओर जा रही थी। उनके मुताबिक, वह पैदल जा रही थीं तभी दो अनजान शख्स उनकी ओर बढ़े। उनमें से एक ने उसकी सोने की चेन खींच ली। 11वीं कक्षा की छात्रा दिशा की उस दिन परीक्षा थी, लेकिन उसने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई।''वह हमारे पास आई, लेकिन हमने उसे परीक्षा देकर वापस आने के लिए कहा। इस बीच, हमने मामले की जांच शुरू कर दी, ''मामले के जांच अधिकारी पीएसआई प्रशांत रानावरे ने कहा। उन्होंने आगे कहा, ''वह अपनी परीक्षा के बाद वापस आई, और हम उसे उस स्थान (वडाला [पूर्व] में बरकत अली नाका के पास स्काईवॉक) पर ले गए। तब तक, हमारी तकनीकी टीम ने घटना का पता लगाने के लिए आस-पास के कई सीसीटीवी कैमरे ढूंढ लिए थे।''एक कैमरे में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिम्मत नगर की ओर भागते हुए देखा। उनका स्थान आनंद नगर, पूजा जंक्शन, शिवशंकर नगर, भोले मित्र मंडल, वीआईटी कॉलेज और अंत में हिम्मत नगर जैसे स्थानों पर दर्ज किया गया था। ''उसे हिम्मत नगर में प्रवेश करते हुए देखा गया था, लेकिन आगे कोई सीसीटीवी नहीं था, फिर उसकी तस्वीर सभी पुलिस समूहों और मुखबिरों को भेजी गई जब किसी ने संगम नगर में उसके आंदोलन की सूचना दी। हमारी टीम वहां गई और हमने तलाशी अभियान शुरू किया,'' रानावरे ने कहा।घंटों की तलाश के बाद, पेशे से राजमिस्त्री गंगा गुप्ता (20) को देखा गया और गिरफ्तार कर लिया गया। उसे हिरासत में ले लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपराध कबूल कर लिया और अपने साथी जवारलाल गुप्ता (26) का पता भी बता दिया, जो पेशे से बढ़ई है।

# मलाड पूर्व गांधीनगर में गुंडो व टपोरियों के आतंक!

## शिवम सिंह गैग ने वरिष्ठ पत्रकार दीनानाथ तिवारी की गाड़ी फूंका...

**मुंबई :** मलाड पूर्व गांधीनगर सार्वजनिक शिव शंकर हनुमान मंदिर के ग्राउंड में रात 11:00 से 3:00 से 4:00 तक शिवम सिंह गैंग के राहुल, सत्यम सिंह सहित कई गुंडे खुलेआम दारू, गांजा, चापर, तलवार निकाल कर धमाल मचाते हैं। अगर किसी ने विरोध किया तो मारामारी से बाज नहीं आते हैं।

24 मार्च 2024 को इसी गैंग के लोगों ने होली दहन के पहले रात 10:00 बजे गटर का गंदा पानी फुगा में भरकर फुग्गा और मुर्गी का अंडा आने-जाने वाले मां-बहन बेटियों के अलावा लोगों के घरों में मारा तो जिसका विरोध पत्रकार दीनानाथ तिवारी ने किया और पुलिस कंट्रोल को फोन करके शिकायत की जब पुलिस आई तो गुंडे भाग गए। उसके बाद पुलिस के जाने के बाद पुनः होली के दहन के समय फुगा मारना शुरू किया जब लोगों ने कहा कि रात 11:00 बजे है। फुगा मत मरो मगर शिवम और राहुल, सत्यम ने कहा मैं मारूंगा जिसको जो करना हो कर लो, इस पर विवाद बढ़ गया मारपीट की नौबत आ गई मगर किसी तरह लोगों के बीच बचाव में मामला शांत हुआ अन्यथा खून खराबा हो सकता था।




गौरतलब है कि शिवम सिंह और राहुल और सत्यम सिंह ने मिलकर रात लगभग 3:30 बजे वरिष्ठ पत्रकार दीनानाथ तिवारी की गाड़ी क्रमांक MH47AP 59 62 पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी पत्रकार दीनानाथ तिवारी का बेटा लवकुश तिवारी ने भागते हुए शिवम सिंह को देखा और चिल्लाते हुए कहा हमारी गाड़ी में शिवम आग लगाकर भाग रहा है उसे पकड़ो पकड़ो लोगों ने आवाज सुनकर बाहर जब तक आए तब तलक शिवम भाग चुका था और गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पत्रकार दीनानाथ तिवारी ने पुलिस कंट्रोल को शिकायत की. घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर पुलिस उप निरीक्षक मिलिंद चौहान ने पंचनामा करके एफआईआर दर्ज किया फरारआरोपी को पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों और पत्रकार दीनानाथ तिवारी ने मुंबई पुलिस कमिश्नर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर, जॉन 12 के डीसीपी और एसीपी सहित कुरार पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक से मांग किया है कि समय रहते ही मामले को गंभीरता से लेते हुए, शिवम सिंह व उसके गैंग को तड़ीपार करें जिससे पूरे कुरार में जो इनके गुंडागर्दी से लोगों की नींद हराम हो गई है वे नींद भर के सो सके और लोगों का विश्वास पुलिस प्रशासन पर बना रहे अन्यथा अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण होंगे। स्थानीय लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया है कि शिवम सिंह सत्यम सिंह को पूरे परिवार का समर्थन मिलने की वजह से वह गैग चल रहा है। खुले आम परिवार के लोग पुलिस थाने के अंदर पुलिस ऑफिसर के सामने कहा अभी गाड़ी मेरा भाई जलाया है। जामीन होने के बाद दीनानाथ तिवारी परिवार के साथ घर को भी फुकवा दूंगी। पुलिस थाने के अंदर में गाली देते हुए इस तरह की धमकी दी जा रही थी पुलिस विभाग मुक दर्शक बनके केवल देख रहा था और सुन रहा था सोचिए कि इन गुडेऔर उनके परिवार की गुंडागर्दी पुलिस थाने में इतनी ज्यादा है, तो एरिया में इन गुंडो की गुंडागर्दी किस तरह से आतंक मचा के रखा है। अगर जल्द आग ना बुझी होती, तो लगभग ढाई सौ गाड़ीयां और झोपड़े जलकर खाक हो जाते।

## दो नाइजेरियाई हुए डिपोर्ट... अवैध तरीके से भारत मे राह रहे थे

**मुंबई :** डोंगरी पुलिस ने वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी मुंबई में रह रहे दो नाइजीरियाई नागरिकों को डिपोर्ट किया है। दोनों आरोपी का वीजा समाप्त हो गया था, इसके बावजूद भी दोनों मुंबई में छिपकर अपना वास्तव्य कर रहे थे। ऐसी जानकारी डोंगरी पुलिस को मिली और फिर मामले में एफआईआर (FIR) दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।



डोंगरी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में गिरफ्तार (arrested) किए गए दोनों आरोपियों के नाम अब्दुल मोहम्मद (34) इब्राहिम अबू बकर लाबरा (39) है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि डोंगरी इलाके में जांच एजेंसी से छुप कर दो आरोपी रह रहे हैं। इसके बाद इलाके में छानबीन शुरू की गई और पुलिस को इन दोनों के बारे में जानकारी मिली। इन्हें पकड़ कर जब पूछता शुरू किया गया तब पता चला कि उनका वीजा मुंबई में समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद वे मुंबई में रहकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। मुंबई और आसपास के इलाकों में बसे कई नाइजेरियाई नागरिक ड्रग्स के व्यवसाय में लिप्त होते है। यही वजह है कि मुंबई और आसपास के इलाकों में लगातार नाइजीरियाई नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जिसमें दिए गए अवधि से अधिक रहने का भी मामला शामिल है।

दरअसल अब्दुल मोहम्मद का वीजा 2019 में समाप्त हो चुका था और इब्राहिम अबू बकर लाबरा का वीजा 2023 में समाप्त हो गया है। इसके बाद का उनके पास कोई वीजा नहीं है। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने दोनों आरोपियों को एफ आर आर ओ के माध्यम से डीपोर्ट कर दोनों को उनके देश भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच करने में जुटी हुई है अब मुंबई पर कैसे लगाऊं नजर बनाए हुए हैं जो हमें तरीके से मुंबई में रहकर अपराध को अंजाम दे रहे हैं ऐसे लोगों पर प्रतिबंध कार्रवाई भी लगातार की जा रही है

## महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने लोगों के साथ मनाई होली,



**महाराष्ट्र :** खुशियों का त्योहार होली के रंग में पूरा देश डूबा हैं. नेता हो या अभिनेता हर कोई होली का त्योहार मना रहा रहा है. महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने भी अपने निजी आवास ठाणे में लोगों के साथ होती मनाई. होली मनाने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रदेश की जनता को होली की शुभकामनाएं दी हैं. सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि ''होली के अवसर पर मैं महाराष्ट्र की जनता को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं.. राज्य सरकार यहां लोगों के लिए काम कर रही है. लोगों के जीवन में समृद्धी, खुशहाली आए ऐसी हमारी कामना है.

## शहरी स्वास्थ्य के प्रति सरकार उदासीन... तीन साल बाद भी कागजों में है 'हेल्थ सिटी निदेशक' का पद

**मुंबई:** कोरोना के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था में समन्वय और प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य निदेशक (शहर) का एक नया पद बनाने का निर्णय लिया गया था, तीन साल बीत जाने के बाद भी इस निर्णय को लागू नहीं किया जा सका है. शहरी स्वास्थ्य निदेशक शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार था। स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य निदेशक के तीन पद हैं और निदेशक का केवल एक पद भरा गया है और वह भी मौसमी आधार पर है। राज्य के स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए पूर्णकालिक निदेशक की भी नियुक्ति नहीं किये जाने से स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों में भारी असंतोष है.

राज्य में कोरोना काल के दौरान मुंबई सहित शहरी क्षेत्रों में मनपा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था के समन्वय को लेकर उत्पन्न कई मुद्दों पर विचार करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ सिटी के निदेशक सहित छह अन्य पदों का सृजन किया. कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर भी लग गई. शहरी क्षेत्रों के लिए निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं (शहरी), उप निदेशक-2 पद, सहायक निदेशक-4 पद की नई व्यवस्था को मंजूरी दी गई और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और समन्वय के लिए निदेशक को जिम्मेदार बनाया। स्थानीय निकाय। यह समझाया गया कि शहरी स्वास्थ्य सेवाएँ उनकी होंगी। साथ ही, शहरी स्वास्थ्य निदेशक नगरपालिका और नगरपालिका क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नियमित रखरखाव, परीक्षण और नियंत्रण के लिए भी जिम्मेदार थे।




## 306 विजेताओं का आठ साल का इंतजार खत्म, अधिभोग प्रमाण पत्र नहीं मिलने से कब्जे की प्रक्रिया में हो रही देरी

**मुंबई :** म्हाडा के मुंबई मंडल के 2016 गोरेगांव, सोडाती में सिद्धार्थ नगर (पत्राचल) पुनर्विकास परियोजना के 306 विजेताओं का कोई आसार नहीं दिख रहा है। बोर्ड की ओर से कहा गया था कि इन मकानों का पजेशन फरवरी-मार्च में दे दिया जाएगा. लेकिन इन मकानों का पजेशन अभी तक रुका हुआ है क्योंकि इन्हें अभी तक ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट नहीं मिला है। तो इन विजेताओं का इंतजार भी लंबा है. रुके हुए और विवादास्पद पेटाचल पुनर्विकास में 306 घरों को शामिल करने के लिए कई अधिकारियों के विरोध के बावजूद तत्कालीन उपराष्ट्रपति ने 2016 की लॉटरी में 306 घरों को शामिल किया। इन मकानों के आवंटन का विरोध किया गया, यह सवाल उठाया गया कि परियोजना में मकानों को कौन, कब और कैसे पूरा किया जाए, जिन्हें डेवलपर द्वारा आंशिक रूप से छोड़ दिया गया था। लेकिन फिर भी इन मकानों के लिए ड्रा निकाले गए। लेकिन मकान पूरे नहीं होने के कारण मकानों का पजेशन अब तक नहीं मिला है। विवादास्पद परियोजना को राज्य सरकार ने डेवलपर से ले लिया और म्हाडा को सौंप दिया, जिसके बाद म्हाडा ने 2022 में अधूरी परियोजना को पूरा करना शुरू कर दिया। पुनर्वासित भवन के साथ-साथ सोडाती में घरों का निर्माण भी किया गया। इस हिसाब से अब 306 मकानों का काम पूरा हो चुका है। इन 306 घरों के पूरा होने और बोर्ड द्वारा इन घरों के लिए अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के साथ, 306 विजेताओं का आठ साल का इंतजार खत्म होता दिख रहा है। बोर्ड की ओर से यह भी कहा गया कि इन विजेताओं को फरवरी-मार्च में पजेशन दे दिया जाएगा. हालाँकि, कब्जा अभी भी लंबित है क्योंकि अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हुआ है। अब विजेता मांग कर रहे हैं कि वे ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट के साथ जल्द से जल्द कब्जा कर लें।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com